**कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी**

# प्रेस नोट

**दिनांक- 19.08.2025**

**विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मंदिर से दान पेटिका चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त सौरभ पाण्डेय गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई दान पेटिका व 1772/- रुपये नगद बरामद ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 375/2025 धारा 305(a),317(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्त सौरभ पाण्डेय पुत्र दयानन्द पाण्डेय निवासी शंकरपुरम कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक 18.08.2025 समय करीब 21.05 बजे फरीदपुर अण्डर पास थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की दान पेटिका व कुल 1772/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 17.08.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेनिपुर स्थित दुखहरजन हनुमान मंदिर से दान पेटिका चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 दुर्गेश सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सौरभ पाण्डेय पुत्र दयानन्द पाण्डेय निवासी शंकरपुरम कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

**पूछताछ का विवरण –**

अभियुक्त से पूछने पर बता रहा है कि मैने बेनीपुर स्थित दुखहरन हनुमान मन्दिर से एक गत्ते की दान पेटी चुराई थी जिसे ऊपर से फाड़कर उसमें रखे हुये रुपये को लेकर आज मैं कही जाने के फिराक में था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

फरीदपुर अण्डर पास थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से, दिनांक 18.08.2025 समय करीब 21.05 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से एक अदद गत्ते की वैकल्पिक दान पेटिका व 1772/- रुपये नगद बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 375/2025 धारा 305(a),317(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 334/2020 धारा 323,325,392,411,413,414,506 भा0द0वि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2. उ0नि0 दुर्गेश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3. उ0नि0 बुद्धराज थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

4. का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**

**पुलिस उपायुक्त**

**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**